प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– वर्तमान शासन का मूल सिद्धांत सार्वजनिक सेवाओं को प्रभावी और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाना है।
2. भाजपा ने विष्णुगढ़ में हुई नाबालिग बच्ची की हत्या के विरोध में घोषित झारखंड बंद लिया वापस, महिला आयोग की टीम ने परिवार के लोगों से बातचीत कर ली मामले की जानकारी।
3. झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिला–अस्पतालों के बर्न यूनिट में प्रशिक्षित डॉक्टर, स्टाफ, उपकरण और दवाएं 24 घंटे रखने का दिया निर्देश।
4. झारखंड के कई जिलों में आज से आठ अप्रैल तक बारिश के आसार, मौसम विभाग ने चार और पांच अप्रैल के लिए जारी किया यलो अलर्ट।
5. छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 31 पदक अपने नाम किए, एथलेटिक्स में महिला टीम ने ओवरऑल चैंपियन का जीता खिताब ।

*************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के बीच एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है जो न केवल कुशल हो बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वर्तमान शासन को 'नागरिक देवो भव' के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका स्पष्ट उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी राष्ट्र की शक्ति उसकी संस्थाओं की क्षमता में निहित होती है और उस क्षमता को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

*************************

भारतीय जनता पार्टी ने विष्णुगढ़ के कुसुंबा में हुई नाबालिग बच्ची की हत्या के विरोध में घोषित कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद आदित्य साहू ने आज प्रस्तावित मशाल जुलूस और नौ अप्रैल के झारखंड बंद को वापस लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस मामले में हुई कार्रवाई के बाद फिलहाल आंदोलन को स्थगित किया जा रहा है।

*************************

हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुंबा गांव में नाबालिग बच्ची की हत्या के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने पीड़ित परिवार और गांव के लोगों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने कहा कि मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयोग का प्रयास है कि इसमें कोई बेकसूर व्यक्ति ना फंसे।

*************************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की बर्न यूनिट में प्रशिक्षित डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, आवश्यक उपकरण और दवाइयों की चौबीसों घंटे उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया।

अदालत ने स्पष्ट किया है कि जलने वाले मरीजों का इलाज सामान्य वार्ड में नहीं, बल्कि विशेष बर्न यूनिट में ही किया जाए।

*************************

विश्वभर के ईसाई आज गुड फ्राइडे मना रहे हैं और ईसा मसीह के क्रूस पर चढ़ने की स्मृति में प्रार्थना कर रहे हैं। चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं और क्रूस की यात्रा हो रही है। इधर, रांची में भी विभिन्न चर्चों में विशेष मिस्सा और प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। रांची महाधर्मप्रांत के आर्चबिशप विसेंट आईंद ने अपने संदेश में कहा है कि प्रभु यीशु के स्वभाव को अपनाते हुए लोगों को एक–दूसरे के प्रति प्रेम, करुणा और क्षमा का भाव रखना चाहिए।

*************************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कल नामकुम अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय व्यवस्था, कर्मियों की उपस्थिति और लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थिति पंजी की जांच कर कर्मियों को समय पर कार्यालय आने की हिदायत दी। साथ ही कैश बुक, सर्विस बुक, आगत–निर्गत पंजी और अतिक्रमण पंजी का भी अवलोकन किया तथा प्रधान सहायक को लॉग बुक नियमित रूप से अद्यतन रखने का निर्देश दिया।

**************************

हजारीबाग में रामनवमी जुलूस के दौरान हुए एक युवक की हत्या का हजारीबाग पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के एएसपी अमित कुमार ने बताया कि मामूली विवाद में आरोपी ने युवक पर हमला कर दिया था, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

**************************

देवघर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कुंडा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 33 किलो गांजा के साथ तीन लोगों को पकड़ा है। देवघर एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि नशा कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और आम लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की गई है।

**************************

झारखंड में मौसम में परिवर्तन का दौर फिलहाल जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आज राज्य में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं मौसम विभाग ने आज से आठ अप्रैल तक बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। कल पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद में कहीं–कहीं पर गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। कुछ जगहों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ हवा भी चल सकती है और वज्रपात होने की भी संभावना है।

**************************

पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्र ने मानवीय पहल का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर की एथलीट, साइकिलिस्ट और पर्वतारोही आशा मालवीय को साइकिल उपहार स्वरूप भेंट की। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के एक छोटे से गांव की रहने वाली आशा मालवीय ने डीजीपी से मुलाकात कर अपनी समस्या साझा की थी। उन्होंने बताया कि उनकी साइकिल खराब हो जाने के कारण उनके अभियान और अभ्यास पर गंभीर असर पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को समझते हुए डीजीपी तदाशा मिश्र ने तत्काल पहल की और मात्र एक दिन के भीतर पुलिस मुख्यालय परिसर में उन्हें नई साइकिल भेंट की।

**************************

छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 31 पदक अपने नाम किए हैं। इनमें 14 स्वर्ण, 6 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। एथलेटिक्स में झारखंड की महिला टीम ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया, जबकि पुरुष टीम 3 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदकों के साथ उपविजेता रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन झारखंड के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर अपने प्रदर्शन को और मजबूत किया। कबड्डी और मल्लखंब के प्रदर्शनी मुकाबलों में भी झारखंड के खिलाड़ियों ने पदक जीते। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

**************************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने बोकारो में पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है – झारखंड प्रशासनिक सेवा के अफसरों का वेतन बढ़ेगा, अपर सचिव को आठ हजार नौ सौ, विशेष सचिव को 10 हजार रुपए तक का मिलेगा ग्रेड पे।

प्रभात खबर लिखता है–विश्वविद्यालयों में शुल्क निर्धारण के लिए बनेगी कमेटी, निगरानी भी रखी जाएगी।

हिंदुस्तान ने लिखा है–घरों में बिजली का प्रीपेड स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं। और

दैनिक जागरण की सुर्खी है–तुलस्यान ग्रुप की 5 करोड़ 39 हजार की संपत्ति जब्त करेगी ईडी।

**********समाप्त*********